आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 15.05.2025 समय : 1850

<><><><><><><>

- दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से आज नई दिल्ली में inclusive India Summit का आयोजन किया गया।
- वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आज से इन–लाइन बैगेज स्क्रीनिंग सिस्टम की शुरूआत की गई।
- अबरडीन युद्ध स्मारक में महान अंडमानियों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।
- जलयान सिंधु कल श्री विजयपुरम से चेन्नई के लिए रवाना होगा।

<><><><><><><>

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने आज नई दिल्ली में इंक्लूसिव इंडिया समिट का आयोजन किया, ताकि ग्लोबल एक्से सिबिलिटी अवेयर नेस डे मनाया जा सके। इस अवसर पर विभाग के सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा व्यक्तियों के लिए भाषा, जीवन, शिक्षा और जीवनयापन तक पहुँच की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने सरकार के हस्ताक्षर भाषा सीखने के प्रयासों को रेखांकित किया और कॉर्पोरेट सेक्टर से भी विकलांग व्यक्तियों के लिए अनुकूल माहौल बनाने का आह्वान किया। श्री अग्रवाल ने विकलांग व्यक्तियों से अपने अधिकारों की माँग करने का आग्रह किया और भरोसा व्यक्त किया कि 90 प्रतिशत वे समाज के उत्पादक सदस्य बन सकते हैं। यह समिट समावेशी विकास और डिजिटल पहुँच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की गई है।

ग्लोबल एक्सेसिबिलिटी अवेयरनेस डे हर साल मई के तीसरे गुरुवार को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य डिजिटल पहुँच और समावेशन के बारे में जागरूकता फैलाना है। इनक्लूसिव इंडिया समिट इस वैश्विक मिशन के साथ मेल खाता है, जो भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि तकनीक और सार्वजनिक सेवाओं को सभी के लिए अधिक समावेशी बनाया जाए।

<><><><><><><>

सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से श्री विजयपुरम के वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इन–लाइन बैगेज स्क्रीनिंग सिस्टम का उद्घाटन किया गया। इसका उद्घाटन हवाई अड्डा निदेशक देवेंद्र यादव ने किया। सीटीएक्स 9800 डीएसआई स्कैनर के साथ इन–लाइन बैगेज स्क्रीनिंग सिस्टम चालू किया गया है। यह इन–लाइन होल्ड बैगेज सिस्टम एयरपोर्ट बैगेज हैंडलिंग सिस्टम के साथ एकीकृत है, ताकि होल्ड बैगेज प्रोसेसिंग और स्क्रीनिंग सिस्टम का पूर्ण स्वचालन प्रदान किया जा सके। उन्नत आई एल बी एस सिस्टम में एक विस्फोटक पहचान प्रणाली भी शामिल है, जो बैगेज को 360 डिग्री पर स्कैन कर सकती है और बैगेज में विस्फोटक सामग्री का पता लगाने के लिए 3डी इमेज के साथ सीटी–स्लाइस बना सकती है। हवाई अड्डा निदेशक ने कहा कि यह सिस्टम प्रति घंटे 1500 बैग तक संभालने में सक्षम है।

यात्री की आवाजाही को सुव्यवस्थित करने और एयरपोर्ट की वास्तविक दक्षता को उजागर करने के उद्देश्य से इस सुविधा को चालू किया गया है। 18 तारीख तक परिचालन के पहले चरण में यह सुविधा केवल अकासा एयरलाइन के यात्रियों के लिए उपलब्ध होगी। 19 मई की पहली उड़ान के साथ यह सुविधा सभी एयरलाइन यात्रियों के लिए उपलब्ध होगी।

<><><><><><><>

कला और संस्कृति विभाग की ओर से 1859 में लड़ी गई लड़ाई के दौरान अपनी जान गंवाने वाले महान अंडमानियों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। कार्यक्रम 17 मई को सुबह 9 बजे से श्री विजयपुरम के जल क्रीड़ा परिसर स्थित 'एबरडीन युद्ध स्मारक' में रखा गया है।

<><><><><><><>

स्वराज द्वीप के सहायक आयुक्त ने कल राजस्व कर्मचारियों और पुलिस कर्मियों के साथ विभिन्न स्थानों पर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, स्वराज द्वीप के विजय नगर गांव में स्थित कृषि भूमि पर एक रिसॉर्ट के निर्माण के रूप में अवैध डायवर्सन पाया गया। विभाग ने निर्माण को तत्काल रोक दिया और निर्माण सामग्री को मौके पर ही जब्त कर लिया गया। स्वराज द्वीप के सहायक आयुक्त की ओर से पंजीकृत किरायेदारों को सख्त निर्देश दिया गया है कि वे भविष्य में कृषि भूमि पर इस तरह का अवैध निर्माण कार्य न करें। सभी संबंधितों को भी कहा गया है कि वे किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण न करें अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

नौसेना स्टेशन की 40वीं वर्षगांठ तथा आर एस एन सदा भैया की स्मृति में हाल ही में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। अण्डमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी, जीबी पंत अस्पताल के रक्त केंद्र आईएनएस उत्क्रोश और डॉलीगंज स्थित आरएसएन के सहयोग से शिविर आयोजित किया गया। इसमें आईएनएस उत्क्रोश से कुल 38 यूनिट रक्त और आरएसएन से 32 यूनिट रक्त दान किया गया। शिविर का आयोजन अण्डमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी के परियोजना निदेशक डॉ. सुब्रत साहा के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर रक्तदाताओं की रक्तदान करने की पात्रता की जांच की गई और रक्तदान के विभिन्न पहलुओं और महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

मिडिल प्वाइंट स्थित उद्योग निदेशालय के परिसर में दूसरी तिमाही मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य कर्मचारियों और संबंधित आपातकालीन सेवाओं की प्रतिक्रिया क्षमताओं का मूल्यांकन करना था। इस अवसर पर निदेशालय के इंसीडेंट कमांडर मोहम्मद इशाक ने प्रतिभागियों को मॉक ड्रिल में शामिल विभिन्न हितधारकों के उद्देश्यों और भूमिकाओं के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>

जलयान सिंधु कल श्री विजयपुरम से चेन्नई जाएगा। यात्रियों को जहाज पर चढ़ाने का कार्य दोपहर बाद दो बजे से तीन बजे तक चलेगा। जलयान कल शाम चार बजे हैडो जेट्टी से छूटेगा।

<><><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में सिविल, मैकेनिकल, ई सी ई और एच एम में लैब तकनीशियन और प्रशिक्षक के पद के लिए लिखित परीक्षा में शामिल पात्र अभ्यर्थियों की उत्तर पुस्तिका और सूची संस्थान के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की जाएगी। इसके अलावा प्रशासन की भर्ती पोर्टल पर भी इसे अपलोड कर दिया जाएगा। लैब तकनीशियन और प्रशिक्षक सिविल की सूची कल प्रकाशित की जाएगी। दावे और आपत्तियां अट्ठारह मई शाम पांच तक स्वीकार किए जाएंगे। कौशल परीक्षा के लिए पात्र उम्मीदवारों की सूची उन्नीस मई को शाम पांच तक जारी की जाएगी। मैकानिकल के पद के लिए सूची सत्रह को जारी की जाएगी और दावे तथा आपत्तियां उन्नीस मई की शाम पांच बजे तक स्वीकार की जाएंगी, जबकि ई सी ई और एच एम की की सूची 18 मई को प्रदर्शित की जाएगी और दावे तथा आपत्तियां 20 मई को स्वीकार किए जाएंगे।

<><><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में हल्के मोटर वाहन चालक के पद पर नियुक्ति की जाएगी। इस संबंध में कौशल परीक्षण के लिए पात्र उम्मीदवारों की सूची संस्थान के सूचना पट्ट के अलावा प्रशासन की भर्ती पोर्टल पर भी अपलोड की गई है।

**<><><><><><><>**

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में जनवरी सत्र के लिए पुनः पंजीकरण 30 जून तक जारी रहेगा। जुलाई 2024 वार्षिक सत्र और जनवरी 2025 सेमेस्टर सत्र के छात्र पुनः पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थी इग्नू की वेबसाइट पर जाकर पुनः पंजीकरण कर सकते हैं।

**<><><><><><><>**

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक हटबे में अड़तालीस मिलीमीटर, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में छत्तीस, कार निकोबार में तीस, लांग आइलैंड में बाईस दशमलव छः, श्री विजयपुरम में बारह दशमलव सात और ननकौड़ी में दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। कल के लिए मौसम संबंधी कोई विशेष चेतावनी नहीं है। खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों को कल तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

**<><><><><><><>**